an>

Title: Need to provide stoppage of New Delhi-Bargawan train at Madwas Railway Station in Sidhi district, Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष महोदया, सर्वप्रथम सन् 2018 आप सभी के लिए मंगलमय हो। महोदया, मैं सर्वप्रथम प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहती हूँ और आदरणीय पूर्व रेल मंत्री जी सुरेश प्रभू जी और वर्तमान रेल मंत्री पीयूऐ गोयल जी का भी आभार व्यक्त करना चाहती हूँ कि मेरा जो संसदीय क्षेत्र है, उसका जो आद्योगिक जिला सिंगरौली है, सिंगरौली में हमारी सरकार के माध्यम से, आदरणीय प्रधान मंत्री जी की विकासवादी सोच के माध्यम मेरे इस संसदीय क्षेत्र में पहली बार केंद्र और प्रदेश की राजधानी को जोड़ने वाली दो-दो ट्रेनों की सौगातें हमारे क्षेत्र की जनता को मिली हैं, जो सिंगरौली जिले में निवासरत हैं। प्रधान मंत्री जी, इसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ और यह हमारे क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात है। परंतु यहां पर एक छोटी सी विडंबना है कि सिंगरौली के बरगवान स्टेशन से जब ये दोनों ट्रेनें गुज़रती हैं तो सीधे शहडोल के व्यवहारी स्टेशन पहुंचती हैं। परंतु बीच में तीन स्टॉपेज आते हैं - गजरावारा, सरई और मडवास। मडवास ऐसा स्टेशन है, जो हमारे सीधी जिले को भी जोड़ता है। महोदया, मैं हमारे रेल मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहती हूं कि अगर मडवास को जोड़ दिया और वहां दोनों ट्रेनों के ठहराव हो गए तो हमारे सीधी जिले के लिए भी यह बहुत बड़ी सौगात होगी।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती रीती पाठक द्वारा उठाए गए विऐय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।